नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
सतना 27 वां वर्ष संस्करण

एक नजर में

सावित्री जिंदल बनी भारत की सबसे अमीर महिला

नई दिल्ली. फोर्ब्स इंडिया की रिच लिस्ट 2025 में हरियाणा की हिसार से विधायक और ओपी जिंदल ग्रुप की चेयरपर्सन सावित्री जिंदल को भारत की सबसे अमीर महिला घोषित किया गया है. उनकी कुल संपत्ति 39.6 बिलियन डॉलर (करीब 3.3 लाख करोड़ रुपए) आंकी गई है, जिससे वे मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी के बाद भारत की तीसरी सबसे अमीर व्यक्ति बन गई हैं.

रंगनाथन दस दिन की रिमांड पर

कप सीरप कांड : कोर्ट में आरोपी ने स्वयं की अपनी पैरवी

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा/ परासिया, 10 अक्टूबर. कफ सिरप कांड के मुख्य आरोपी रंगनाथन को शुक्रवार की देर शाम कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुलिस ने परासिया न्यायालय में पेश किया। न्यायालय में आरोपी ने स्वयं अपनी पैरवी की . न्यायालय द्वारा पूछे गए सवाल का उत्तर देते हुए उसने बताया कि वह पांच राज्यों में अपनी कंपनी में बनी दवाओं को सप्लाई करता है. केवल मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में ही कप सीरप में गड़बड़ी की शिकायत मिली है.

आरोपी ने स्वयं को बीपी शुगर का पेशेंट बताते हुए कहा कि वह निर्दोष है, उसे इस बात की जानकारी नहीं है कि कप कोल्ड ड्रिंप सिरप में निर्धारित मापदंड से अधिक कैमिकल का मिश्रण कैसे हो गया. न्यायालय ने उसकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए पुलिस द्वारा पेश किए गए रिमांड के आवेदन पर अपनी स्वीकृति देते हुए पुलिस को और मामले में पूछताछ करने के निर्देश दिए. रंगनाथन को छिंदवाड़ा पुलिस बीते दिनों तमिलनाडु से गिरफ्तार कर छिंदवाड़ा लेकर आई, जिसे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परासिया थाने में लंबी पूछताछ के बाद देर शाम न्यायालय में पेश किया गया। रंगनाथन को जब देर शाम परासिया न्यायालय में पेश किया गया, उस समय न्यायालय के बाहर खड़ी भीड़ बेकाबू हो गई. पुलिस के विशेष दस्ता वाहन से जैसे ही आरोपी बाहर निकला, उपस्थित भीड़ ने फांसी दो के नारे लगाना शुरू कर दिए. इसके बाद पुलिस के भी हाथ-पांव फूल गए.

सुको में सीबीआई जांच की मांग खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश-राजस्थान में कफ सिरप से बच्चों की मौत मामले में सीबीआई या ज्यूडिशियल जांच की मांग खारिज कर दी है. सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने ब्रीफ सुनवाई के बाद ये फैसला किया. याचिका में मांग की थी कि ये लापरवाही की चरम सीमा है. इसलिए मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए. केंद्र की ओर से पेश सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिका का विरोध किया.

एडीजीपी आत्महत्या मामले की जांच करेगी एसआईटी

चंडीगढ़ 10 अक्टूबर. हरियाणा के आईपीएस अधिकारी एडीजीपी वाई पूरण कुमार की आत्महत्या मामले की जांच अब चंडीगढ़ पुलिस करेगी. मामले की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन कमेटी (एसआईटी) का गठन किया गया है. चंडीगढ़ के आईजी पुष्पेंद्र कुमार की अध्यक्षता में छह सदस्यीय टीम इस मामले की जांच करेगी.

केस में चीफ सेक्रेटरी अनुराग रस्तोगी, डीजीपी शत्रुजीत कपूर और रोहतक एसपी नरेंद्र बिजारणिया सहित 15 अफसरों पर गुरुवार देर रात एफआईआर दर्ज कर ली गई. चंडीगढ़ पुलिस की ओर से सुसाइड नोट को आधार बनाते हुए सेक्टर-11 थाने में केस दर्ज किया गया. हरियाणा के इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी मामले में चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी सहित 14 पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर मामला दर्ज हुआ है. आईपीएस पूरन की एसपी पत्नी अमनीत पी. कुमार ने इस एफआईआर पर एतराज जताया है. उन्होंने चंडीगढ़ पुलिस को एप्लिकेशन देकर कहा कि एफआईआर में आरोपी अफसरों के नाम अलग से कॉलम में नहीं लिखे गए हैं. एफआईआर को फिक्स फॉर्मेट में लिखा जाए. इसको लेकर उनकी चंडीगढ़ की एसएसपी से हॉट टॉक भी हुई है. परिवार के राजी न होने से चौथे दिन भी पूरन का पोस्टमॉर्टम नहीं हो पाया है. सरकार ने पूरन कुमार के परिवार की सुरक्षा बढ़ा दी है.

आयरन लेडी मारिया को नोबेल शांति पुरस्कार

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लगा बड़ा झटका

जान को खतरा था, फिर भी देश नहीं छोड़ा

स्टॉकहोम, 10 अक्टूबर. वेनेजुएला में विपक्ष की नेता और इंजीनियर मारिया कोरिना माचादो को लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने और मानवाधिकारों के लिए संघर्ष करने के लिए वर्ष 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है.

वेनेजुएला की नेता को नोबेल शांति पुरस्कार देने की घोषणा से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका लगा है क्योंकि वह कई बार कह चुके हैं कि आठ युद्ध रुकवाने के लिए उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए.

> सुश्री माचादो को पिछला एक साल छिपकर रहने के लिए मजबूर होना पड़ा है. अपनी जान को गंभीर खतरों के बावजूद वह देश में ही रहीं. उनके इस फैसले ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है. उन्होंने अपने देश के विपक्ष को एकजुट किया है. वे वेनेजुएला के समाज के सैन्यीकरण का विरोध करने में कभी पीछे नहीं हटीं.

अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी
asianpaints
Asian Putty
INDIGO PUTTY
JK WALL PUTTY
पाएं ब्रांड भी- सस्ता भी
मटेंहना टाईल्स बाजार
74368-74368

कैग रिपोर्ट में खुलासा : तमिलनाडु में दवा जांच में अनदेखी

नई दिल्ली. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने पिछले साल तमिलनाडु में दवा टेस्टिंग में भारी कमी की ओर इशारा किया था. गौरतलब है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन पर सामने आई कैग की रिपोर्ट में औषधि निरीक्षण और नमूने उठाने के लक्ष्यों को प्राप्त करने में कमियों को दर्शाया था. ये रिपोर्ट 10 दिसंबर 2024 को सामने आई थी. रिपोर्ट के अनुसार, 2016-17 में तमिलनाडु में 1 लाख 8 सौ जांच का लक्ष्य रखा गया था, हालांकि, केवल 66 हजार 331 निरीक्षण ही किए जा सके थे.

हवाला मामले में बंडोल एसडीओपी निलंबित

सिवनी 10 अक्टूबर. हवाला की रकम हेराफेरी के मामले में बंडोल एसडीओपी पूजा पांडे को डीजीपी कैलाश मकवाना ने शुक्रवार को निलंबित कर दिया. इसके पूर्व इसी मामले में गुरुवार रात आईजी जबलपुर रेंज प्रमोद वर्मा ने 9 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था.

फिलहाल मामले की जांच जबलपुर के एएसपी आयुष गुप्ता को सौंपी गई है. आरोप है कि अफसरों ने नागपुर के शख्स से करीब 3 करोड़ रुपए जब्त किए थे. रिपोर्ट में जब्ती सिर्फ एक करोड़ 45 लाख रुपए की दिखाई.

यही नहीं, आरोपी को भी बिना कार्रवाई के छोड़ दिया और जानकारी वरिष्ठ अफसरों को भी नहीं दी. नागपुर के सोहन परमार ने शिकायत की है कि बुधवार रात कटनी से एक सर्राफा व्यापारी दो करोड़ 96 हजार 500 रुपए लेकर कार से महाराष्ट्र के जालना जा रहा था. रात में एसडीओपी पूजा पांडे, बंडोल थाना प्रभारी अर्पित भैरम ने लखनवाड़ा थाना क्षेत्र के शीलादेवी गांव के पास जांच के नाम पर गाड़ी रोक ली और रुपयों से भरा बैग जब्त कर लिया. थाने में भी बैठाकर रखा. इसके बाद गुरुवार सुबह बिना कार्रवाई के छोड़ दिया. नागपुर में मालिक को बताया, तो वह भी आ गए. इसके बाद एक करोड़ 45 लाख रुपए की जब्ती दिखाई. आरोप है कि करीब डेढ़ करोड़ रुपए अफसरों ने बंदरबांट कर लिए. इस बारे में सुबह तक पुलिसकर्मियों ने एसपी समेत अन्य वरिष्ठ अफसरों को जानकारी नहीं दी. यही नहीं, शाम तक कोई कार्रवाई नहीं की. शाम को मीडिया को इस बारे में पता चला.

> मामले के बारे में पूछने पर एसडीओपी ने पहले तो जानकारी नहीं दी. बाद में जांच चलने की बात कह दी. इसकी जानकारी एएसपी दीपक मिश्रा को लगी. वह शाम को एसडीओपी ऑफिस आए और जांच शुरू की. उन्होंने एसपी सुनील कुमार मेहता और आईजी प्रमोद वर्मा को भी बताया. इसके बाद एसपी ने भी एसडीओपी को कॉल कर जानकारी मांगी, तो उन्हें भी ठीक से जानकारी नहीं दी. इसके बाद आईजी ने 9 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने के आदेश दिए. जंगल में जिस जगह गाड़ी पकड़ी थी, शुक्रवार को वहां भी पुलिस टीम जांच करने गई है. आशंका है कि कुछ पैसा वहां छूट गया है.

Reliance Growth is Life
GET GST BENEFIT OF ₹2000* TO ₹100000* ON TVs
*T&C APPLY
TCL
190 CM (75) 75P6K Google TV ULTRA HD
2 Year WARRANTY*
OLD PRICE ₹69990
NEW PRICE ₹59990*
TOSHIBA No.1
QLED 109 CM (43) M450RP
2 Year WARRANTY*
OLD PRICE ₹27999
NEW PRICE ₹23999*
TOSHIBA QLED AVAILABLE IN 147 CM (58), 165 CM (65)
SAMSUNG
QLED | OLED | NEO QLED
AVAILABLE IN 109 CM (43), 139 CM (55), 165 CM (65), 190 CM (75), 216 CM (85), 249 CM (98), 254 CM (100)
SPECIAL OFFERS SOUNDBAR WORTH UP TO ₹9299 FREE* | 3 YEAR WARRANTY* | 0 DOWN PAYMENT* UP TO 30 MONTHS* | UP TO 20% MONTHS* + 10% EXTRA CASHBACK ON SAMSUNG AXIS BANK CREDIT CARD | LOWEST EMI STARTING AT ₹2990*
SONY
UHD I MINI LED I OLED
AVAILABLE IN 109 CM (43), 139 CM (55), 165 CM (65), 190 CM (75), 216 CM (85), 249 CM (98), 254 CM (100)
SPECIAL OFFERS 3 YEAR WARRANTY | INSTANT CASHBACK UP TO ₹25000* | 1 EMI FREE
TV + SOUNDBAR COMBO OFFER SAVE UPTO ₹25000* | BUY NOW AT ₹2995*
LG
NanoCell | OLED | QNED AI
AVAILABLE IN 109 CM (43), 139 CM (55), 165 CM (65), 190 CM (75), 216 CM (86), 254 CM (100)
SPECIAL OFFERS INSTANT CASHBACK UP TO ₹26000* | EMI STARTING FROM ₹1999* | 3 YEAR WARRANTY* | 254 cm (100) Lowest EMI STARTING FROM ₹6999*
फेस्टिवल ऑफ़ इलेक्ट्रॉनिक्स
GST कम हुई कीमतें* एप्लिकेबल प्रोडक्ट्स पर
#MuhuratForCelebrations
₹15,000 तक इंस्टेंट डिस्काउंट# SBI card
न्यूनतम ट्रांजेक्शन: 15,000. ईएमआई ट्रांजेक्शन पर भी वैध.
वैधता: 05 अक्टूबर - 15 अक्टूबर 2025. नियम एवं शर्तें लागू.
₹30000 तक कैशबैक* कंज़्यूमर ड्यूरेबल लोन पर
HDB FINANCIAL SERVICES REIMAGINING OPPORTUNITIES
IDFC FIRST Bank CONSUMER DURABLE LOAN
NOW OPEN AT REWA - PANNA ROAD, SATNA
Reliance digital
PERSONALISING TECHNOLOGY
www.reliancedigital.in
LOWEST PRICES EVER
iPhone 16e Sale can wait. Intelligence can't. 128 GB ₹59900 ₹44990* EMIs of ₹3999*
iPhone 16 Plus Bigger Screen. Bigger Deal. Zero Wait. 128 GB | 6.7 Inch Screen ₹79900 ₹59990* EMIs of ₹5333*
MacBook Air M1 Built for Apple Intelligence. ₹74900 ₹48990*
*Prices post cashback and exchange bonus. EMI values post exchange bonus on 12-month loans.
edge 60 FUSION 1.5K True Colour Quad-Curve Display Starting from ₹20999 ₹18999*
vivo V60e Premium Design Ultra Slim 8 GB | 128 GB Starting from ₹29999* BENEFITS 10% ADDITIONAL CASHBACK APPLICABLE
SAMSUNG Galaxy S25 Ultra Titanium Blue 12 GB | 256 GB ₹69999* *Price includes old device exchange + Upgrade bonus
SIDE BY SIDE BPL Starting at ₹44990* | HAIER Starting at ₹54990* EMIs of ₹2499* LG Starting at ₹68990* EMIs of ₹2999* SAMSUNG Starting at ₹69990* EMIs of ₹2990*
DOUBLE DOOR BPL 233L ₹18990* | HAIER 240L ₹19990* EMIs of ₹1499* LG 322L ₹32990* | 380L ₹38990* EMIs of ₹2490* SAMSUNG 350L ₹36990* | 467L ₹46990* EMIs of ₹2490*
BOSCH BPL Electrolux Haier IFB LLOYD Godrej LG LIEBHERR SAMSUNG Whirlpool
ASSURED GIFTS* IRON WORTH UP TO ₹2100* | PHILIPS AIR FRYER WORTH ₹8995*
*Prices inclusive of all offers
TOP LOAD WHIRLPOOL 7 Kg ₹15490* EMIs of ₹1291* LG 8 Kg ₹19990* EMIs of ₹1666* SAMSUNG 8 Kg ₹19990* EMIs of ₹1666*
FRONT LOAD SAMSUNG 9 Kg ₹32990* EMIs of ₹2749* LG 10 Kg ₹36990* EMIs of ₹3083* LG WASHER DRYER 9/5 Kg ₹49990* EMIs of ₹4166*
BOSCH IFB LG SAMSUNG VOLTAS beko Whirlpool
BENEFITS FREEBIES WORTH UP TO ₹5000/-* (BAJAJ MIXER / FASTRACK SMART WATCH / PRESTIGE INDUCTION COOKTOP) | UP TO 20% CASH BACK* | UP TO 30% CLEARANCE SALE DISCOUNT* | EXCHANGE AVAILABLE*
*Prices inclusive of all offers
3 STAR 1T INVERTER ACs Starting from ₹17990* | 3 STAR 1.5T INVERTER ACs Starting from ₹18990*
BENEFITS AC STAND (ODU) WORTH ₹1499 AT ₹149*
BLUE STAR LLOYD GENERAL Haier LG SAMSUNG VOLTAS
*Prices after cashback & exchange offer
HAVELLS 1350W 4.2 L Air fryer Uses up to 85% Less Oil See Through Basket Window ₹7495 ₹4499*
AI-ENABLED LAPTOPS
Next Generation AI Laptops ₹53999 ₹51999*
*Prices inclusive of all offers
SCAN TO VISIT WEBSITE OR STORE
FREE DELIVERY & FASTEST INSTALLATION* | 14-DAY EASY RETURNS* | EXPERT ADVICE* | EXTENDED WARRANTY* | EASY EMIS
INDORE. BHOPAL. JABALPUR. GWALIOR. REWA. SAGAR. SATNA
ALSO SHOP AT: SHOP ANY ELECTRONICS AT MY JIO STORE Jio DIGITAL LIFE
Unless specified, the retail prices shown are for 1 unit of the product. Terms & Conditions Apply: Up to 15000 Instant Discount: SBI Card – CC Full swipe: 7.5% discount up to Rs 1,500 on transactions of Rs 15,000 & above. Flat Rs. 2,000 discount on a minimum transaction of Rs. 40,000 & above. Flat Rs. 3,000 discount on a minimum transaction of Rs. 60,000 & above. Flat Rs. 7,500 discount on transactions above Rs. 1,50,000 & above. CC EMI: 7.5% discount up to Rs 2,000 on transactions of Rs 15,000 & above. Flat Rs. 3,000 discount on a minimum transaction of Rs. 40,000 & above. Flat Rs. 4,000 discount on a minimum transaction of Rs. 60,000 & above. Flat Rs. 15,000 discount on transactions above Rs. 1,50,000 & above. Offers applicable on purchase of select product & brands only. Offer is applicable across Reliance digital & My Jio Stores from 05th October 2025 to 15th October 2025. Consumer Durable Loans – Up to Rs 30000/- Cashback on Air Conditioner, Refrigerator, Panel, Washing Machine, Dish Washer, Smart phone & laptop with IDFC First Bank Ltd. Offer validity: 15th Sep'25 to 31st Oct'25 for IDFC. Up to Rs 21,000/- cash back on Consumer durable products, laptop & Digital Products with HDB Financial services, offer Validity 3rd Oct'25 to 16th Oct'25 for Pan India. For Paper Finance, benefit shall be given to the customer in form of cashback which shall be posted by respective financier as per their terms. Free same-day delivery is only applicable in select cities. Please visit store for details on Assured Freebies and Bangaru Nidhi offers. offer valid in select states/cities. For more details contact In-store finance executive. For Paper Finance, benefit shall be given to the customer in form of cashback which shall be posted by respective financier as per their terms. Offers applicable on puchase of select products, schemes, & brands only. Offer is applicable across Reliance Digital & MyJio Stores. Free same-day delivery is only applicable in select cities. Please visit store for details on Bangaru Nidhi offer. Product visuals are for representational purpose only. Offers valid till stocks last. MRP of all products is inclusive of all taxes. *GST will be applicable on all the FREE products. Please visit the website/store and read the detailed T&Cs. Reliance Retail reserves its right to amend, withdraw/modify the offers at any point of time without any notice. All disputes are subject to jurisdiction of Courts in Mumbai only.